# दृष्टि The Vision

# SSMV Bulletin

''नैक मूल्यांकित''

## श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय (पी.जी.)

(चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय मेरठ से सम्बद्ध)

रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर, जिला–बुलन्दशहर

Website : www.ssmvcllg.com, Email : skr.ssmvcollege5@gmail.com

Phone : 09258321276, 09258321279, 09258321278

प्रकाशन वर्ष –2020 | अवधि : अक्टूबर – दिसम्बर | अंक – 6


2019

## संदेश



सम्पादक
''दृष्टि न्यूज बुलेटिन
श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय
रज्जू भैया सरस्वती विहार, शिकारपुर
जिला–बुलन्दशहर

महोदय,

हर्ष का विषय है कि श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय, शिकारपुर की त्रैमासिक पत्रिका ''दृष्टि'' का षष्ठम् अंक प्रकाशित होने जा रहा है। महाविद्यालय निरन्तर उन्नतिशील है व क्षेत्र के विद्यार्थियों को सार्थक एवं जीवनोपयोगी शिक्षा प्रदान की जा रही है। उक्त पत्रिका महाविद्यालय में पठन–पाठन के साथ होने वाली विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का प्रचार प्रसार करने में उपयोगी सिद्ध होगी, ऐसा मेरा विश्वास है।

इन शुभकामनाओं के साथ पत्रिका प्रकाशन के लिये हार्दिक बधाई।

**डा0 अजय कुमार गोयल**
क्षेत्रीय संयोजक,
विद्या भारती उच्च शिक्षण संस्थान
पूर्व प्राचार्य,
आई0पी0 डिग्री कॉलिज, बुलन्दशहर

## सम्पादकीय



आँधी क्या है तूफान मिलें, चाहे जितने व्यवधान मिलें,
बढ़ना ही अपना काम है, बढ़ना ही अपना काम है।।

हम नई चेतना की धारा, हम अंधियारे में उजियारा,
हम उस बयार के झोंके हैं, जो हर ले जग का दुःख सारा,
चलना है शूल मिलें तो क्या, पथ में अंगार जलें तो क्या,
जीवन में कहाँ विराम है, बढ़ना ही अपना काम है।।1।।

हम अनुगामी उन पाँवों के, आदर्श लिए जो बढ़े चले,
बाधाएँ जिन्हें डिगा न सकीं, जो संघर्षों में अड़े रहे,
सिर पर मंडराता काल रहे, करवट लेता भूचाल रहे,
पर अमिट हमारा नाम है, बढ़ना ही अपना काम है।।2।।

वह देखो पास खड़ी मंजिल, इंगित से हमें बुलाती है,
साहस से बढ़ने वालों के, माथे पर तिलक लगाती है,
साधना न व्यर्थ कभी जाती, चलकर ही मंजिल मिल पाती,
फिर क्या बदली क्या घाम है, बढ़ना ही अपना काम है।।3।।

प्रदीप कुमार शर्मा
पुस्तकालयाध्यक्ष / सम्पादक


## सम्पादक मण्डल

मुख्य सम्पादक – डा0 अशोक कुमार शर्मा
सम्पादक – प्रदीप कुमार शर्मा
सह–सम्पादक – अभिनव राना
– साक्षी गर्ग


## मा0 रज्जू भैया शोध संस्थान



महाविद्यालय द्वारा पठन–पाठन के साथ ही किये जा रहे समाजसेवा के कार्यों की श्रृंखला में क्षेत्र के किसान भाइयों की सेवा हेतु खुर्जा क्षेत्र स्थित ग्राम बनैल निवासी महान शिक्षाविद् तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के चतुर्थ संघ चालक प्रो0 राजेन्द्र सिंह उर्फ रज्जू भैया के नाम पर रज्जू भैया शोध संस्थान महाविद्यालय परिसर में स्थित है जहाँ पर किसान भाईयों के खेतों की मिट्टी का परीक्षण निःशुल्क किया जाता है तथा Soil Health Card भी बनाया जाता है।

**महात्मा गाँधी व लाल बहादुर शास्त्री जयंती** :–महाविद्यालय में दिनांक 2 अक्टूबर 2019 को देश के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी तथा पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के अध्यक्ष श्री अशोक मित्तल, प्रबन्धक श्री प्रमोद कुमार मित्तल एवं सस्थापक सदस्य श्री चन्द्रप्रकाश गुप्ता रहे। प्राचार्य श्री अशोक कुमार शर्मा, अतिथियों व उपस्थित प्राध्यापकगण ने महात्मा गांधी जी तथा शास्त्री जी के सम्बन्ध में अपने विचार प्रकट किये। प्रबन्धक महोदय ने गाँधी जी तथा शास्त्री जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके बताये रास्ते पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के संयोजक रसायन विभाग के विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार तथा सहसंयोजक शिक्षा संकाय की प्राध्यापिका श्रीमती ह्दयेश राजपूत रहीं एवं कार्यक्रम का कुशल संचालन प्राध्यापक डा0 कुलदीप सिंह, डा0 कुष्मेन्द्र सिंह, श्री प्रतीक रघुवंशी तथा प्राध्यापिका श्रीमती संध्या बंसल ने किया। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।





**राष्ट्रीय सेवा योजना** :–दिनांक 2 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में एक दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 100 स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डा0 राजकुमार सिंह के दिशा निर्देशन में विद्यार्थियों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबन्धक डा0 प्रमोद मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा, समाजशास्त्र विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि गोस्वामी, श्रीमती रेखा शर्मा तथा हिन्दी विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति शर्मा उपस्थित रहे।

**विजयादशमी** :–दिनांक 5 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में बी0सी0ए0 विभाग द्वारा विजयादशमी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक श्री पीयूष मोहन ने भगवान श्रीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों को विजयादशमी पर्व सम्बन्धी जानकारी दी। इस अवसर पर शक्ति के प्रतीक शस्त्रों का पूजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह रहे।





**वाल्मीकी जयंती** :–दिनांक 14 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में वाल्मीकी जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने वाल्मीकी जी के सम्बन्ध में अपने विचार रखे तथा उपस्थित विद्यार्थियों को उनके जीवन चरित्र से अवगत कराया।

**प्रेरक भाषण** :–दिनांक 17 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय प्रजापति महाविद्यालय, माउण्ट आबू राजस्थान से आये डा0 वी0 के0 कुमार ने उपस्थित विद्यार्थियों तथा स्टॉफ को प्रेरक भाषण से लाभान्वित किया। डा0 कुमार ने बताया कि तनाव को ध्यान के माध्यम से कैसे दूर किया जाये तथा आत्मसम्मान की कमी को कैसे दूर करें। उन्होंने विज्ञान को सुलभ भाषा में परिभाषित किया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य महोदय व प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। अंत में प्राध्यापक श्री राजकुमार शर्मा ने अतिथि महोदय का धन्यवाद ज्ञापित किया।



**दीपोत्सव** :–महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में दिनांक 19 अक्टूबर 2019 को दीपोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की प्रस्ताविकी शिक्षा संकाय के प्राध्यापक श्री इन्द्रपाल सिंह ने प्रस्तुत की। इस अवसर पर प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं प्राध्यापक श्री गजेन्द्रपाल सिंह ने श्री राम के जीवन आदर्शो एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। विद्यार्थियों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भजन आदि प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका श्रीमती ह्दयेश राजपूत रहीं।

**कम्प्यूटर क्विज** :–दिनांक 22 अक्टूबर 2019 को बी0सी0ए0 विभाग में सभी विद्यार्थियों की एक कम्प्यूटर क्विज आयोजित की गयी जिसमें बी0सी0ए0 प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने भाग लिया। क्विज के संयोजक प्राध्यापक श्री राजकुमार शर्मा व प्राध्यापिका सुश्री मुक्ता गौड़ रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल एवं प्राध्यापकगण श्री पुष्पेन्द्र सिंह, श्री पीयूष मोहन व श्री रिंकू कुमार उपस्थित रहे। उपरोक्त प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण दिनांक 22 नवम्बर 2019 को किया गया। कार्यक्रम में जल–पान की भी व्यवस्था रही।



**वेस्ट मेटीरियल प्रतियोगिता** :–महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग में एक तीन दिवसीय कार्यशाला दिनांक 24 अक्टूबर 2019 से आयोजित की गयी। कार्यशाला में बी0ए0 की छात्राओं ने अनुपयोगी सामग्री का प्रयोग कर विभिन्न प्रकार के फूलदान, पैन होल्डर, गुड़िया, सीमेन्ट पोट, थाल सज्जा आदि सजावटी वस्तुयें बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में छात्राओं कोमल, लता, मोनिका, गौरी, फिजा, मिनाक्षी, शिवानी आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक कौशल का विकास करना था। कार्यशाला का सफल संचालन प्राध्यापिका सुश्री भावना तौमर ने किया।

**बोर्ड साज–सज्जा** :–दिनांक 25 अक्टूबर 2019 को दीपावली थीम पर आधारित बोर्ड साज–सज्जा कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा संकाय में किया गया जिसमें बी0एड0 प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों विनीता, शालू, बुलबुल, राधा, नीतू, उपेन्द्र, रामजीत एवं अमर सिंह आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी रहीं। इस अवसर पर शिक्षा संकाय का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।





**सरदार पटेल जयंती** :–दिनांक 31 अक्टूबर 2019 को महाविद्यालय में सरदार पटेल जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। महाविद्यालय के प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल ने कहा कि सरदार पटेल ने अपनी बुद्धि, कौशल और संगठन क्षमता द्वारा देश में असंगठित रियासतों का विलय कराया। प्राचार्य महोदय ने सरदार पटेल को देश का महान सपूत बताते हुये कहा कि उनके रहते कश्मीर समस्या का निशान भी नहीं होता। शिक्षा संकाय के प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी सरदार पटेल के जीवन और क्रिया कलापों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन राजनीति विभाग के प्राध्यापकगण डा0 हेमा राघव एवं श्री धीरज कुमार ने किया तथा संचालन शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज ने किया।

**कार्यशाला** :–महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में दिनांक 5 नवम्बर 2019 से 11 नवम्बर 2019 तक एक सात दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय रचनात्मक उपागम रहा। बी0एड0 द्वितीय वर्ष में इस नवीन उपागम का प्रयोग होता है। कार्यशाला में रचनात्मक उपागम के विभिन्न पहलुओं तथा इसकी आवश्यकता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुये विस्तार से चर्चा की गयी। विषय विशेषज्ञ के रूप में विभागाध्यक्ष डा0 अशोक कुमार शर्मा तथा प्राध्यापक डा0 संदीप चौधरी रहे। इस अवसर पर विभिन्न प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को अपने अपने विषयों के रचनात्मक उपागम पर पाठ योजना तैयार करना सिखाया। उपरोक्त कार्यशाला का संयोजन प्राध्यापक डा0 संदीप चौधरी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के सभी प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

**बाल दिवस** :–दिनांक 14 नवम्बर 2019 को शिक्षा संकाय में देश के प्रथम प्रधानमंत्री श्री जवाहर लाल नेहरू के जन्मदिन को बाल दिवस के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल रहे तथा उन्होंने पंडित नेहरू के व्यक्तित्व तथा जीवन प्रसंगों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर बी0एड0 प्रथम व द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों राधा, बुलबुल, दृष्टि, मोना, वंदना, सत्यम, अमर सिंह, शैलेश, वर्षा, अंजु, शालू आदि ने भी बाल दिवस पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका श्रीमती कविता चौधरी ने बाल दिवस की बधाई देते हुये उपस्थित विद्यार्थियों को उनके स्वयं के जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने का आह्वान किया तथा इसकी शुरुआत बाल दिवस पर कुछ विद्यार्थियों से पौधारोपण कर करायी गयी। इस अवसर पर शिक्षा संकाय के स्टॉफ द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों हेतु भोजन की व्यवस्था की गयी तथा विद्यार्थियों को उपहार के रूप में प्रबन्धक महोदय द्वारा पेन एवं डायरी भेंट कराये गये। इस अवसर पर एक शारीरिक एवं मानसिक क्रियाकलाप का आयोजन भी किया गया जिसके विजेता विद्यार्थी उपेन्द्र राघव रहे। कार्यक्रम का संचालन छात्र अध्यापक उपेन्द्र राघव व रामजीत यादव द्वारा किया गया। बी0सी0ए0 विभाग में भी बाल दिवस मनाया गया तथा प्राध्यापकों द्वारा विद्यार्थियों को एक डायरी तथा दो पेन भेंट किये गये। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। जलपान की व्यवस्था रही।









**विभागीय विचार गोष्ठी** :–महाविद्यालय के शिक्षा संकाय में विभिन्न सत्रों में विभागीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। प्रथम सत्र दिनांक 18 नवम्बर 2019 को हुआ जिसका विषय "वृद्धि एवं विकास–गर्भावस्था, शैशवावस्था, बाल्यावस्था व किशोरावस्था" रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तथा विषय विशेषज्ञ के रूप में प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा उपस्थित रहे। इस अवसर पर बी0एड0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों ने नवाचार विधि द्वारा संदर्भित विषय पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी ने किया। द्वितीय सत्र दिनांक 22 नवम्बर को हुआ जिसका विषय "समावेशी शिक्षा" रहा। मुख्य अतिथि प्राचार्य महोदय तथा विषय विशेषज्ञ प्राध्यापिका श्रीमती ह्दयेश राजपूत रहीं। गोष्ठी में बी0एड0 द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने समावेशी शिक्षा पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किये। तृतीय तथा अंतिम सत्र दिनांक 27 नवम्बर 2019 को हुआ जिसका विषय "लिंग, विद्यालय और समाज" रहा। अंतिम सत्र में क्षेत्र के अन्य दो महाविद्यालय सरदार पटेल इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलोजी एवं माँ द्रौपदी कन्या महाविद्यालय शिकारपुर के प्राध्यापकों द्वारा अपने विचार तथा विद्यार्थियों द्वारा संदर्भित विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किये गये। मुख्य अतिथि के रूप में सरदार पटेल महाविद्यालय के प्राचार्य डा0 नवाज मूसा तथा प्राध्यापक श्री अमित गौड़ व माँ द्रौपदी देवी महाविद्यालय की प्राध्यापिका श्रीमती पल्लवी शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं विषय विशेषज्ञ के रूप में प्राध्यापिका सुश्री शालिनी शर्मा रहे। गोष्ठी के सभी सत्रों में शिक्षा संकाय के प्राध्यापकगण डा0 संदीप चौधरी, श्रीमती कविता चौधरी, श्री गजेन्द्र पाल सिंह व श्री इन्द्रपाल सिंह उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन व संयोजन प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी ने किया।

**सेमीनार** :–महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग ने 20, 21 व 22 नवम्बर 2019 को तीन दिवसीय सेमीनार का आयोजन किया जिसमें एम0ए0 प्रथम वर्ष के 18 तथा एम0ए0 द्वितीय वर्ष के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सेमीनार में उपस्थित विद्यार्थियों तथा प्राध्यापकों ने समाजशास्त्र सै जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह तथा प्राध्यापिका श्रीमती चंन्द्रमणी गोस्वामी व श्रीमती रेखा शर्मा उपस्थित रहे तथा विद्यार्थियों का मार्ग दर्शन किया।

**शहीद दिवस** :–दिनांक 23 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय में गुरु तेग बहादुर शहीद दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ0 अशोक कुमार शर्मा तथा समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष व कार्यक्रम के संचालक डा0 राजकुमार सिंह ने सिखों के नौवें गुरू तेग बहादुर के जीवन चरित्र तथा उनसे जुड़ी घटनाओं पर प्रकाश डाला। उनके द्वारा बताया गया कि गुरू तेग बहादुर ने हिंदू धर्म की रक्षा हेतु हँसते हँसते अपने प्राणों का बलिदान कर दिया था। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।



**शैक्षिक भ्रमण** :–दिनांक 26 नवम्बर 2019 को शिक्षा संकाय में एक दिवसीय शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष डा0 अशोक कुमार शर्मा, संयोजक प्राध्यापक श्री गजेन्द्र पाल सिंह, सह संयोजक प्राध्यापक श्री प्रतीक रघुवंशी एवं सभी प्राध्यापकगण तथा लगभग 45 विद्यार्थी राष्ट्रीय विज्ञान केन्द्र, नई दिल्ली तथा अक्षरधाम मंदिर गये। इस अवसर पर प्राध्यापकों ने विज्ञान केन्द्र में विद्यार्थियों को विज्ञान पर आधारित अनेक मॉडलों तथा क्रियाविधियों का व्यवहारिक ज्ञान प्रदान किया। इसी प्रकार अक्षरधाम मंदिर में विद्यार्थियों को भारत की प्राचीन संस्कृति को देखने समझने का अवसर मिला। मंदिर में प्रसिद्ध वॉटर शो का अवलोकन भी किया गया।



**संविधान दिवस** :–दिनांक 26 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय में संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थयों ने भारतीय संविधान तथा उसकी विशेषताओं का सचित्र प्रदर्शन किया। तत्पश्चात् राजनीति विज्ञान विभाग के प्राध्यापक श्री धीरज कुमार, प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज के निर्देशन में विद्यार्थी तहसील भ्रमण पर गये। वहाँ पर विद्यार्थियों ने तहसील के विभिन्न कार्यालयों का भ्रमण कर उपस्थित जन समुदाय को संविधान की स्थापना, उसकी विशेषतायें एवं संविधान में प्रदत्त मूल अधिकारों तथा कर्तव्यों की जानकारी दी। एस0डी0एम0 तथा तहसीलदार महोदय ने उपस्थित विद्यार्थियों को तहसील की कार्य प्रणाली से अवगत कराया तथा संविधान दिवस के विषय पर विस्तार से चर्चा की।





**आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर** :–महाविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा छात्राओं के लिये एक सात दिवसीय आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर का आयोजन दिनांक 22 नवम्बर से 28 नवम्बर 2019 तक किया गया। शिविर में छात्राओं को अपनी सुरक्षा से सम्बन्धित विभिन्न कौशलों व तकनीकों तथा मार्शल आर्ट का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। उक्त प्रशिक्षण विषय विशेषज्ञ श्री नरेश कुमार (ब्लैक बेल्ट धारक) द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक विभागाध्यक्ष श्री ब्रजपाल सिंह व प्राध्यापक श्री राहुल भारद्वाज रहे।

**चार्ट/मॉडल प्रस्तुतीकरण** :–दिनांक 30 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में महान वैज्ञानिक सर जगदीश चंद बसु जयंती पर एक चार्ट / मॉडल प्रस्तुतीकरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बी0एस0सी0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने विभिन्न मॉडल व चार्ट बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की संयोजक विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज व प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।





**वृक्षारोपण** :–दिनांक 2 दिसम्बर 2019 को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर वनस्पति विज्ञान विभाग के बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय प्रांगण में वृक्षारोपण किया गया जिसमें उनके द्वारा टिम्बर प्लान्ट तथा मेडिकल वल्यू प्लान्ट लगाये गये। कार्यक्रम की संयोजक विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज व प्राध्यापिका सुश्री अंकित भारद्वाज रहीं तथा उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रदूषण रोकने में वृक्षों की भूमिका के बारे में बताया।

**सेमीनार** :–दिनांक 2 दिसम्बर को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा एक सेमीनार का आयोजन किया गया। सेमीनार के मुख्य अतिथि प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा, बायोटेक विभागाध्यक्ष डा0 भीम सिंह, जंतुविज्ञान विभागाध्यक्ष श्री यतन शर्मा तथा रसायन विज्ञान विभागाध्यक्ष डा0 नीरज कुमार रहे। इनके अलावा सेमीनार में रसायन विज्ञान के प्राध्यापक डा0 कृष्णेन्द्र सिंह तथा वनस्पति विज्ञान की प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज भी उपस्थित रहीं। बी0एस0सी0 प्रथम वर्ष की छात्रा आर्शी तथा बी0एस0सी0 द्वितीय वर्ष की छात्रा गरिमा ने प्रदूषण तथा हमारे वातावरण पर उसके दुष्प्रभाव के संबंध में जानकारी दी। प्रबन्धक तथा प्राचार्य महोदय एवं उपस्थित प्राध्यापकगण ने भी प्रदूषण तथा उससे बचने के उपायों के सम्बन्ध में बताया। सेमीनार का संचालन वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज ने किया।

**सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम** :–शिक्षा संकाय में शिक्षण सत्र 2019–20 के बी0एड0 प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु दिनांक 2 दिसम्बर 2019 से 26 दिसम्बर 2019 तक सूक्ष्म शिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत उपस्थित विद्यार्थियों को सूक्ष्म शिक्षण से जुड़े विभिन्न कौशलों से सम्बन्धित ज्ञान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में बी0एड0 विभागाध्यक्ष डा0 अशोक कुमार शर्मा ने सूक्ष्म शिक्षण की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि विशेषताओं, इसकी आवश्यकता एवं महत्व पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकों ने अपने–अपने विषय की सूक्ष्म पाठ योजनायें तैयार करायीं। कार्यक्रम के संयोजक सूक्ष्म शिक्षण प्रभारी प्राध्यापक श्री इन्द्रपाल सिंह रहे।



**क्वाड्राट स्टडी** :–महाविद्यालय में दिनांक 04 दिसम्बर 2019 को वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बी0एस0सी0 तृतीय वर्ष की छात्राओं को क्वाड्राट स्टडी करायी गयी जिसमें पौधों की आवृत्ति, सघनता एवं एबन्डंस की गणना स्पष्ट की गयी, साथ ही क्वाड्राट के द्वारा मूल्यांकन करना भी सिखाया गया। कार्यक्रम की संयोजिका प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज रहीं।

**संगोष्ठी** :–दिनांक 7 दिसम्बर को महाविद्यालय में महिला संशक्तिकरण एवं वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयोजक वनस्पति विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री रेशू भारद्वाज तथा राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव रहीं। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विभाग की प्राध्यापिका सुश्री अंकिता भारद्वाज द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापिका सुश्री रेशू भारद्वाज ने महिलाओं को जागरूक होने तथा अपने ऊपर होने वाले अत्याचारों का विरोध करने की प्रेरणा दी। गृहविज्ञान की प्राध्यापिका सुश्री भावना शर्मा ने घर की महिलाओं को अपने बेटों को अच्छे संस्कार देने पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्राओं रूखसार, गीता शर्मा, मोनिका माल्यान, स्वर्णनीमा, रश्मी सिंह, नीतू सिंह तथा प्राध्यापिका सुश्री विदिशा अग्रवाल ने भी महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षा श्रीमती कीर्ति भारद्वाज व श्रीमती कविता चौधरी ने वर्तमान समय में महिलाओं की स्थिति पर अपने–अपने विचार रखे।



**कार्यशाला** :–दिनांक 11 दिसम्बर 2019 को ए0बी0ई0एस0 इंजीनियरिंग कॉलेज गाजियाबाद में एम0सी0ए0 विभाग द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका विषय "BIG DATA AND MANGO DB" रहा। उपरोक्त कार्यशाला में महाविद्यालय के बी0सी0ए0 विभाग से विभागाध्यक्ष श्री संभव सिंघल, प्राध्यापकगण श्री पुष्पेन्द्र सिंह, श्री राजकुमार शर्मा, श्री पीयूष मोहन व श्री रिंकू कुमार तथा विभाग के 25 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी प्राध्यापकों तथा विद्यार्थियों को उपरोक्त कार्यशाला से नयी तकनीकों को समझने का अवसर मिला तथा आयोजकों ने सभी को कार्यशाला का प्रमाण पत्र भी प्रदान किया।



**चित्रकला प्रतियोगिता** :–दिनांक 16 दिसम्बर 2019 को महाविद्यालय में कला विभाग द्वारा एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बी0ए0 प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष की छात्राओं ने भाग लिया तथा वृक्षारोपण, जल संरक्षण, प्रदूषण तथा बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ आदि विषयों पर जलीय चित्र, तैलीय चित्र तथा पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा फिजा सैफी, द्वितीय स्थान बी0ए0 प्रथम वर्ष की छात्रा लवी तथा तृतीय स्थान बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्रा राखी ने प्राप्त किया। निर्णायक मण्डल में समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष डा0 राजकुमार सिंह, प्राध्यापिका श्रीमती चंद्रमणि गोस्वामी, श्रीमती रेखा शर्मा तथा राजनीति विज्ञान की प्राध्यापिका डा0 हेमा राघव रहे। प्रतियोगिता का संचालन कला विभाग की प्राध्यापिका सुश्री चंचल सिरोही ने किया।



**खाना–खजाना** :–महाविद्यालय में दिनांक 18 दिसम्बर 2019 को गृहविज्ञान विभाग द्वारा खाना–खजाना कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गृहविज्ञान विभाग की सभी छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के व्यंजनों जैसे पंजाबी दाल मखनी, भेलपूरी, गाजर का हलवा, पानी पूरी, वैज बिरयानी, चाय, कॉफी, दूध आदि के स्टॉल लगाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबन्धक डा0 प्रमोद कुमार मित्तल, सरस्वती विद्या मन्दिर लॉ कालिज, शिकारपुर के प्राचार्य तथा महाविद्यालय प्राचार्य डा0 अशोक कुमार शर्मा एवं प्रबन्ध समिति के सम्मानित सदस्य रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में स्वरोजगार की भावना को जाग्रत करना तथा अपने व्यवसाय के प्रति रूचि पैदा करना था। कार्यक्रम में बी0ए0 तृतीय वर्ष की छात्राओं सारिका, गिन्नी, मोनिका आदि की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम की संयोजिका गृहविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष सुश्री निधि गुप्ता रहीं तथा प्राध्यापिका सुश्री दीपिका, पूजा व भावना तौमर आदि का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।



**विशेष उपलब्धि** :–महाविद्यालय के बी0सी0ए0 विभाग के प्राध्यापकों श्री पुष्पेन्द्र सिंह (एम0सी0ए0), श्री संभव सिंघल(एम0सी0ए0) तथा श्री पीयूष मोहन (एम0सी0ए0, एम0फिल0) द्वारा बी0सी0ए0 प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिये विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रम के अनुरूप एक पुस्तक ''प्रिंसिपल्स ऑफ मैनेंजमेंट'' लिखी गयी है जिसका आई0एस0बी0एन0 नम्बर **P-ISBN-978-93-87610-48-4** है। उक्त पुस्तक वी0एस0आर0डी0 प्रकाशन मुम्बई द्वारा दिसम्बर 2019 में प्रकाशित की गयी है। आशा है उपरोक्त पुस्तक बी0सी0ए0 के विद्यार्थियों के लिये एक उत्तम सहायक सिद्ध होगी।

बुक–पोस्ट

सेवा में,

____________________

____________________

____________________

____________________

**महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम :–**

- एम0एड0 (दो वर्षीय)
- बी0एड0 (दो वर्षीय)
- एम0एस–सी0 गणित
- एम0एस–सी0 रसायन विज्ञान
- एम0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- एम0ए0 गृह विज्ञान
- एम0ए0 समाजशास्त्र
- बी0एस–सी0 गणित
- बी0एस–सी0 बायोलॉजी
- बी0एस–सी0 बायोटेक्नोलॉजी
- बी0सी0ए0
- बी0कॉम0
- बी0ए0 (केवल छात्राओं हेतु)